संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, बुधवार, 21 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 51 पृष्ठः 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



राष्ट्रपति द्रौपदी पोर्ट ब्लेयर में ऐतिहासिक जेल का दौरा करती हुई।

# इन्वेस्टर्स को भी निवेश पब्लिक फ्रेंडली बनाएंः सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में अशोक लीलेंड की इलेक्ट्रिक वाहन फैक्ट्री के भूमिपूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने कहा कि हिंदुजा ग्रुप के प्रकाश जी और अशोक जी ने अभी मुझे डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी सौंपी है। चाहूंगा कि सिर्फ चाभी नहीं, बल्कि जल्दी से जल्दी वो यहां अपना प्रोडक्शन शुरू करें। उत्तर प्रदेश का बाजार ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर भारत का बाजार उनका इंतजार कर रहा है। इससे पूर्व सीएम योगी को हिंदुजा ग्रुप की तरफ से डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की चाभी और मोमेंटो प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने प्लांट में इलेक्ट्रिक बसों का अवलोकन भी किया और उनके फीचर्स के बारे में भी जानकारी ली। हिंदुजा ग्रुप के अधिकारियों ने उन्हें ई व्हीकल्स की विशेषताओं से परिचित कराया। सीएम योगी ने हिंदुजा ग्रुप के प्रमुख लोगों और अधिकारियों के साथ मंत्रणा भी की।

**इन्वेस्टर्स भी लें इनीशिएटिवः** सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का पहला इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट अशोका लीलेंड के माध्यम से स्थापित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए हिंदुजा ग्रुप, अशोका लीलेंड को शुभकामनाएं देता हूं। उत्तर प्रदेश में हम जैसे इन्वेस्टर फ्रेंडली पॉलिसी लेकर आते हैं। वैसे ही इन्वेस्टर्स को भी अपने निवेश को पब्लिक फ्रेंडली बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक लाख स्कूली बस हैं हमारे पास, ये सब रिप्लेस हो जाएंगी इलेक्ट्रिक बसों में बशर्ते इस दिशा में हम लोगों ने थोड़ा भी इनीशिएटिव लिया तो।

उत्तर प्रदेश में एक लाख 5 हजार से अधिक राजस्व गांव हैं और दो लाख से अधिक मजरे हैं। अगर इन एक लाख गांवों को हमें शहरों से जोड़ना होगा तो भी सस्ती सेवा के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा सस्ती और लोकप्रिय माध्यम बन सकती है। इसमें हम अपने तमाम युवाओं को इस सर्विस के साथ जोड़ सकते हैं। यहां पर भी हिंदुजा ग्रुप भी कुछ इनीशिएटिव ले और स्टेट गवर्नमेंट भी इसको आगे बढ़ाए।

**बिहार, मध्यप्रदेश और नेपाल तक यूपी का बाजारः** सीएम योगी ने कहा कि एक-एक गांव को जोड़ने के लक्ष्य के साथ हमें आगे बढ़ना होगा। उत्तर प्रदेश के अंदर गांव को शहर से जोड़ने के लिए प्रयास करना होगा। गांव का प्रोडक्ट शहर में आए, इसके लिए माल ढोने वाले छोटे ट्रक का उपयोग किया जा सकता है। फिर चीनी प्लांट के रूप में हम लोग दूध को दुग्ध समितियों के साथ जोड़कर सिटी में लाने में योगदान दे सकेंगे तो यह बहुत बड़ा मार्केट आपको अकेले यूपी में मिलेगा। यूपी का मतलब यूपी नहीं है,यूपी का मतलब बिहार भी, मध्यप्रदेश भी और नेपाल भी, यूपी के साथ किसी न किसी रूप में जुड़ा हुआ है। ये सभी राज्य इस सुविधा का लाभ लेंगे।

### आदर्श विचार



गलतियां ढूंढना गलत नही है बस शुरूआत खुद से होनी चाहिए।

भागवद्

### मन की बात



ब्रह्मांड की सभी शक्तियां हमारे अंदर हैं।

स्वामी विवेकानंद

# चंडीगढ़: 'इंडिया' उम्मीदवार बना मेयर

## सुप्रीम कोर्ट ने आप-कांग्रेस कैंडिडेट को चंडीगढ़ मेयर घोषित किया, चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को नोटिस

**ऐतिहासिक**

8 आप-कांग्रेस गठबंधन के पराजित उम्मीदवार कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का नया महापौर घोषित कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के रिजल्ट को पलट दिया। कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप)-कांग्रेस गठबंधन के पराजित उम्मीदवार कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का नया महापौर घोषित कर दिया। मेयर चुनाव में हार के बाद 30 जनवरी को फूट-फूटकर रोने वाले कुलदीप कुमार के चेहरे पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के 21 दिन बाद फिर से मुस्कान लौटी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से आप पार्षद कुलदीप कुमार को विजेता होने और चंडीगढ़ का महापौर घोषित किए जाने के बीच बड़ी लड़ाई लड़ी गई। सुप्रीम कोर्ट ने आप पार्षद कुलदीप कुमार को विजेता और चंडीगढ़ का महापौर घोषित किया। सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी के चुनाव के संचालन में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह के खिलाफ मुकदमा चलाने का भी आदेश दिया। अनिल मसीह बीजेपी नेता भी हैं। शीर्ष अदालत ने साफ किया कि वह पूरी चुनावी प्रक्रिया को रद्द नहीं कर रही है और खुद को मतगणना प्रक्रिया में गलत कार्यों से निपटने तक ही सीमित रख रही है। जिसके कारण कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मत अमान्य हो गए थे। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह साफ है कि मसीह ने जानबूझकर आठ मतपत्रों को विरूपित करने का प्रयास किया।

सुप्रीम कोर्ट में 19 फरवरी को चंडीगढ़ मेयर चुनाव केस में सुनवाई होनी थी। इसके पहले 18 फरवरी की शाम में बीजेपी के नवनिर्वाचित मेयर मनोज सोनकर ने पद से इस्तीफा दे दिया। इस बीच आप के तीन पार्षद बीजेपी में शामिल हो गए।



### हम लोग ये जीत छीनकर लाए हैं: केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**चंडीगढ़** मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, "हम सबने देखा कि किस तरह चंडीगढ़ के चुनाव में 20 वोट इंडिया गठबंधन के थे और 16 वोट भाजपा के थे। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को हारा हुआ घोषित कर दिया गया। भारतीय के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। हम सुप्रीम कोर्ट का बहुत धन्यवाद करते हैं।" मुख्यमंत्री ने कहा, देश में जिस तरह के हालात हैं, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला जनतंत्र के लिए बहुत अहम है।

# पीएम मोदी ने जम्मू में एम्स-आईआईटी का उद्घाटन किया

**विकास कार्य**

8 पहले जम्मू-कश्मीर से आतंक-अलगाव की खबरें आती थीं, अब विकास हो रहा: पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी (20 फरवरी) जम्मू दौरे पर हैं। उन्होंने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का उद्घाटन किया। खास बात यह है कि 2019 में इसकी आधारशिला भी पीएम मोदी ने ही रखी थी। उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम२) का भी उद्घाटन किया। मोदी ने जम्मू में करीब 32 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। वहीं, प्रधानमंत्री ने जम्मू एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन और 'कॉमन यूजर फैसिलिटी' पेट्रोलियम डिपो की आधारशिला भी रखी। मोदी ने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद, अलगाववाद की आवाजें उठती थीं, अब यहां हर सेक्टर में विकास हो रहा है। राज्य में अब 12 मेडिकल कॉलेज हैं। घाटी ट्रेन से जुड़ चुकी है। जम्मू-कश्मीर देश का ऐसा राज्य है, जहां दो एम्स बन रहे हैं। मोदी के भाषण के दौरान सभा में कोई बच्ची रो रही थी। पीएम ने कहा, उसे परेशान मत कीजिए। कितनी प्यारी बच्ची है। मेरे पास होती तो बहुत आशीर्वाद देता। आप लोग विपरीत मौसम में यहां बैठे हैं, ये काबिले तारीफ है।

**कश्मीर के लोग जल्द ही ट्रेन से पूरे देश के सफर पर निकलेंगेः** मोदी ने कहा- पहले भारत के एक हिस्से में काम होता था और जम्मू-कश्मीर के लोगों को मिलता नहीं था या बहुत देर से मिलता था। आज जम्मू एयरपोर्ट के विस्तार काम हो रहा है।

कश्मीर को कन्याकुमारी से रेल से जोड़ने का काम और तेजी से बढ़ा है। वो दिन दूर नहीं, जब कश्मीर से ट्रेन में बैठकर लोग पूरे देश के सफर पर निकल पाएंगे।

### तीसरी आंख




# जीबीसी 4.0 : 34 लाख रोजगार, संभावनाएं अपार

**निवेश**

8 पश्चिमांचल तक और मध्यांचल से लेकर बुंदेलखंड तक युवाओं के लिए रोजगार की कमी नहीं होगी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**योगी** सरकार जीबीसी 4.0 के माध्यम से यूपी को देश का ग्रोथ इंजन बनाने जा रही है। इसमें 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश के जरिये 14 हजार परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी। इससे न सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर और अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी बल्कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में भटकना नहीं पड़ेगा। योगी सरकार इन निवेश परियोजनाओं के जरिये प्रदेश में 34 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी और रोजगार के साधन उपलब्ध कराने जा रही है। यह नौकरियां विभिन्न सेक्टर्स में प्राप्त होंगी। इसमें ट्रेंड, अनट्रेंड सभी तरह के युवाओं के लिए अवसर उपलब्ध होंगे। पूर्वांचल से लेकर पश्चिमांचल तक और मध्यांचल से लेकर बुंदेलखंड तक युवाओं के लिए रोजगार की कमी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध कराने को लगातार प्रयास कर रही है। इस क्रम में जीबीसी 4.0 मील का पत्थर साबित होगी। योगी सरकार ने जीबीसी 4.0 में जिन 14 हजार परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। इनमें सबसे अधिक 52 प्रतिशत परियोजनाएं पश्चिमांचल, 29 प्रतिशत पूर्वांचल, 14 प्रतिशत मध्यांचल और 5 प्रतिशत बुंदेलखंड में धरातल पर उतरेंगी। जाहिर है।

# नीतीश कुमार की 'रडार' पर केके पाठक

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार में शिक्षा** विभाग के अपर मुख्य सचिव अपने विवादास्पद फैसलों और फरमानों के लिए बदनाम हो गए हैं। हालांकि उनकी सख्ती से शिक्षा व्यवस्था के पटरी पर लौटने की तारीफ भी होती रही है। कई बार तो उनके फैसलों को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हस्तक्षेप करना पड़ा है। कभी शिक्षकों की छुट्टियां रद्द कर देते हैं तो कभी रविवार की छुट्टी के दिन भी शिक्षकों को स्कूल आने का फरमान जारी कर देते हैं। शिक्षकों का वर्किंग टाइम अब उनके निशाने पर है। हालांकि उन्हें इस मामले में तब मुंह की खानी पड़ी, जब सीएम नीतीश कुमार ने ही उनके निर्णय को गलत बता दिया।



**केके पाठक का फरमानः** बिहार विधानसभा मंगलवार को केके पाठक के उस फरमान की गूंज सुनाई पड़ी, जिसमें उन्होंने शिक्षकों को स्कूल खोलने की टाइमिंग सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कर दी थी। विपक्ष ने इस मुद्दे पर खूब हंगामा मचाया। विपक्षी सदस्य न सिर्फ इस फरमान को वापस लेने की मांग कर रहे थे, बल्कि केके पाठक को शिक्षा विभाग से हटाने का दबाव भी बनाने लगे। आखिरकार मुख्यमंत्री को बोलना पड़ा। सीएम नीतीश कुमार ने स्पष्ट कर दिया कि पाठक ने जो टाइमिंग तय की है, वह गलत है।

## 'इंडिया गठबंधन सरकार पर्यावरण की करेगी रक्षा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

कांग्रेस ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के वन परिभाषा आदेश की सराहना करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार पर्यावरण की रक्षा करेगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 'चुनावी बांड घोटाले' के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार की 'घोर अवैध और विनाशकारी' योजनाओं को रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि शब्दकोष में 'जंगल' का अर्थ लागू किया जाए।




**घोषणा** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने प्रदेश चुनाव समिति की घोषणा की

# भूपेंद्र यादव को हरियाणा चुनाव समिति में मिली जगह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश चुनाव समिति की घोषणा कर दी है। इसमें नायब सैनी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को भी शामिल किया गया है। इससे भूपेंद्र यादव की हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। यह पहला मौका है जब भूपेंद्र यादव को हरियाणा के किसी संगठन में इतना अहम पद दिया गया है। इस समिति में केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह सहित 18 नेता शामिल किए गए हैं लेकिन कार्यकारिणी में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सहित मौजूदा केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को शामिल नहीं किया गया है। समिति में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, गृह मंत्री अनिल विज, शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, रामबिलास शर्मा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला, प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली सहित महिला मोर्चो की अध्यक्ष ऊषा प्रियदर्शी को शामिल किया गया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब और राष्ट्रीय सचिव सहित प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र नागर को विशेष आमंत्रित रूप में रखा गया है।



**जिम्मेवारी**

8 भूपेंद्र यादव की हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं।

# रंगला पंजाब उत्सव

## आपका हार्दिक स्वागत

**23 से 29 फरवरी, 2024, अमृतसर**





**भगवंत सिंह मान**
**मुख्य मंत्री, पंजाब**

| दिनांक | समय | आयोजन | स्थान |
|---|---|---|---|
| 23 फरवरी | सांय 6:30 बजे से | उद्घाटन समारोह | खालसा कॉलेज |
| 24-25 फरवरी | प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक | साहित्य उत्सव | पारटीशियन म्यूज़ियम्र |
| 24-25 फरवरी | सांय 4:00 बजे से 6:00 बजे तक | कार्नीवल परेड | पहला दिन: रैड क्रॉस - रणजीत एवेन्यू ग्राउंड<br>दूसरा दिन: ट्रीलियम माल-रणजीत एवेन्यू ग्राउंड |
| 24-29 फरवरी | प्रात: 11:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक | सेवा स्ट्रीट | टाऊन हाल हैरीटेज़ स्ट्रीट |
| 24-29 फरवरी | प्रात: 11:00 बजे से रात्री 10:00 बजे तक | फूडिस्तान एवं शॉपिंग मेला | रणजीत एवेन्यू ग्राउंड |
| 24-29 फरवरी | सांय 7:00 बजे से रात्री 8:30 बजे तक | डिजिटल मेला | समर पैलेस |
| 24-25 एवं 27-29 फरवरी | सांय 7:00 बजे से | ताल चौक | रणजीत एवेन्यू ग्राउंड |
| 25 फरवरी | प्रात: 7:00 बजे से 9:00 बजे तक | ग्रीनाथॉन | आनंद अमृत पार्क-साइडा पिंड |
| 26 फरवरी | सांय 7:00 बजे से | पंजाबी लोक संगीत नाईट | किला गोबिंदगढ़ |
| 29 फरवरी | सांय 6:30 बजे से | समापन समारोह | रणजीत एवेन्यू ग्राउंड |

**पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले विभाग, पंजाब**

# मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के 15 टिप्परों को रवाना किया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को चौड़ा मैदान, शिमला से लोक निर्माण विभाग के शिमला जोन के लिए 15 टिप्पर को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इनमें से बी एण्ड आर मण्डल शिमला-1 के लिए एक टिप्पर, निरमंड के लिए 3, रामपुर, कल्पा, रोहड़ू, जुब्बल एवं कोटखाई मण्डल के लिए दो-दो और भावानगर के लिए एक टिप्पर शामिल है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि लोक निर्माण विभाग को आवश्यक मशीनरी जैसे कि टिप्पर, जेसीबी एवं पोकलेन



इत्यादि की खरीद के लिए 60 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे विभाग की कार्यक्षमता बढ़ेगी और मशीनों की कमी की समस्या का हल भी हो सकेगा। उन्होंने कहा कि विभाग को और अधिक सशक्त बनाने एवं इसकी कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने हाल ही में 82 टिप्पर एवं 107 जेसीबी खरीदी हैं। प्रदेश सरकार द्वारा 15 वर्ष पुराने वाहनों को सरकारी संस्थानों से हटाया जा रहा हैए जिससे कि आधुनिक अधोसंरचना के निर्माण सहित भारी बर्फ बारी एवं अन्य आपातकालीन स्थितियों में बचाव कार्यों में तेजी लाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट नजर आती है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं में तेजी लाई है ताकि इनका लाभ प्रदेश के लोगों को समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन की पहल करते हुए लोक निर्माण विभाग के तहत निविदा प्रक्रिया को सरल कर इसकी अवधि 51 दिन से घटा कर 30 दिन की है ताकि परियोजनाओं कार्यों में तेजी लाई जा सके और लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिले। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग कर उच्च गुणवत्ता की सडकों के निर्माण को अधिमान दिया जा रहा है। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सुरेंद्र पाल जगोटा, उपायुक्त अनुपम कश्यप एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# अपने जन्मदिवस पर युकां अध्यक्ष राघव ने सीएम राहतकोष में दिए एक लाख

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**राजनीति को** समाजसेवा का माध्यम बनाकर पीड़ित मानवता को समर्पित युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राघव ठाकुर ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री राहतकोष में दीन दुखियों की मदद के लिए एक लाख रुपये का योगदान दिया है। राघव ठाकुर ने चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू की उपस्थिति में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को एक लाख रुपये का चैक सौंपा। जन्मदिवस पर किए गए इस पुनीत कार्य के लिए मुख्यमंत्री सुक्खविंदर सिंह सुक्खू ने भी युकां अध्यक्ष राघव ठाकुर की सराहना की है। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राघव ठाकुर अक्सर दीन दुखियों की मदद के लिए आगे आते रहे हैं। कोरोना काल में भी उन्होंने मुसीबत में फंसे लोगों की दिल खोलकर



मदद की थी तो इसके साथ भी पीड़ित लोगों की मदद के लिए सदैव अग्रणी रहे हैं। 21 फरवरी को अपने जन्मदिवस को इस बार राघव राणा ने अपने अंदाज में मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान देने का निर्णय किया। राघव ठाकुर शिमला में विधायक सुदर्शन बबलू के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिले और उन्हें मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए एक लाख रुपये का चैक प्रदान किया। बकौल राघव ठाकुर अगर मुख्यमंत्री अपनी जमापूंजी इस प्रदेश के लिए दे सकते हैं, तो हर साधन संपन्न हिमाचली का भी कर्तव्य है कि वे दीन दुखियों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान दें।



हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियांचौदहवीं विधान सभा के छठे दिन के सत्र संचालन के लिए सदन की ओर जाते हुए।

# राज्यपाल ने दिव्यांगजनों के समावेशी विकास में चेतना संस्था के प्रयासों को सराहा

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**राज्यपाल शिव** प्रताप शुक्ल ने गत दिवस को बिलासपुर जिला के विजयपुर में चेतना संस्था के रजत जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में चेतना संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के प्रति समर्पित प्रयासों तथा कमजोर वर्गों के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में यह संस्था महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राज्यपाल ने कहा कि चेतना संस्था की हिमाचल इकाई दिव्यांगजनों के समावेशी एवं सतत विकास में सराहनीय कार्य कर रही है। संस्था उनका सशक्तिकरण करते हुए दिव्यांगजनों को खेलों से जोडकर उनके जीवन में सकारात्मक




बदलाव लाने के साथ ही उन्हें समान अवसरए अधिकार और सम्मानित जीवन सुनिश्चित किया है जो सभी के लिए प्रेरक है। उन्होंने संतोष जताते हुए कहा कि संस्था दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड? के लिए समर्पित भावना से कार्य कर रही है। हिमाचल में अपने एक साल के कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए राज्यपाल ने प्रदेश में नशे जैसी बुराई के खात्मे के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने इसके लिए एक सघन जागरूकता अभियान आरम्भ करने का आग्रह करते हुए कहा कि पंचायत स्तर तक नशा मुक्ति के दृष्टिगत ऐसे बच्चों के माता-पिता को भी आगे आकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि इस दिशा में पहल करते हुए विश्वविद्यालयों को दाखिले के समय छात्रों से नशा न करने संबंधी शपथ पत्र लेने के लिए कहा गया है। साथ ही नशाखोरी में शामिल छात्रों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नशे की बुराई के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रमुख स्थलों पर होर्डिंग इत्यादि लगाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और इस युवा ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करने से ही भारत वर्ष-2047 तक एक विकसित देश बन सकेगा। उन्होंने कहा कि आज देश अपनी क्षमताओं में विश्वास जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक छोटा राज्य होने के बावजूद हिमाचल तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर राज्यपाल ने जन शिक्षण संस्थान के आत्मनिर्भर एवं सशक्त महिला पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक प्रशिक्षण, युवा स्टार्ट-अप, किसान और कृष्णा ऊन उद्योग-बिवाई पुरस्कार प्रदान किए। साथ ही चेतना संस्था के अन्तरराष्ट्रीय खिलाडि?ों को भी सम्मानित किया। इससे पूर्व राज्यपाल ने चेतना संस्था द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बहु.विषयक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए अनुदान के डिजिटल लॉन्च में भी वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

# जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी नोडल अधिकारियों को अग्रणी और महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना होता है इसलिए सभी अधिकारी समय रहते अपनी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। अनुपम कश्यप आज यहाँ बचत भवन में जिला स्तरीय नोडल



अधिकारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान हर मौके पर विभिन्न चुनौतियां रहती हैं और सभी अधिकारियों को इन चुनौतियों काबेहतर ढंग से सामना करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी तैयारियां अगले 10 दिन के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पिछले चुनाव के दौरान जो समस्याएं आई थी उन पर विस्तार पूर्वक चर्चा करना आवश्यक है ताकि इस चुनाव में इन समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसके लिए सभी अधिकारी अपने से संबंधित मामलों की गहनता से जांच कर लें। उन्होंने अधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की टीम उनकी सहायता के लिए हर समय उपलब्ध रहेगी ताकि किसी भी समस्या का समाधान तुरंत किया जा सके। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी समय रहते अपनी तैयारियां पूर्ण कर लें क्योंकि चुनाव की घोषणा आगामी दिनों में कभी भी हो सकती है। इसके अतिरिक्त, टीम का गठन और मानव शक्ति का प्रबंधन भी सुनिश्चित कर लें ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी कार्य समय पर पूर्ण हो। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा निर्देश का अध्ययन करने का सुझाव भी दिया। तहसीलदार निर्वाचन राजेंद्र शर्मा ने बैठक का संचालन किया और सभी नोडल अधिकारियों की जिम्मेदारी बारे विस्तार से जानकारी दी।

# विवेक नगर में युवक ने फंदा लगा की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। ऊना शहर के** वार्ड नंबर चार में 32 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। मृतक युवक की पहचान चंदन सैनी पुत्र निर्मल सैनी वार्ड नंबर 4, विवेक नगर ऊना के रूप में हुई है, जो कि टेंपो चलाने का कार्य करता था। युवक की अभी तक शादी भी नहीं हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# लाल सिंगी दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष, चले उस्तरे व कैंची

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। पुराना** होशियारपुर रोड़ के लाल सिंगी स्थित नाई की दुकान में दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हुआ है। उस्तरे व कैंची से किए गए एक-दूसरे पर हमले से दो युवक लहुलूहान हुए हैं, जिनका स्थानीय अस्पताल में उपचार व मेडिकल करवाया गया। वहीं पुलिस ने दोनों ओर से मिली शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ईश मुहम्मद निवासी लाल सिंगी ने बताया कि गत शाम को पुराना होशियारपुर रोड पर स्थित अपनी नाई की दुकान पर अपने भाई अनीश मुहम्मद संग कार्य कर रहा था। इसी दौरान बृजेश निवासी लालसिंगी अपने भाई मुनीष के साथ दुकान पर आया और गाली गलोच करने लगा।

# प्रदेश की डाक्टरों ने अढाई घंटे रखी हड़ताल, स्वास्थ्य सेवाएं रही ठप्प

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**हिमाचल प्रदेश के** डाक्टर मंगलवार को अढाई घंटे तक हड़ताल पर रहे। सुबह साढ़े 9 बजे से लेकर 12 बजे तक अस्पतालों में पहुंचे मरीजों को आपातकालीन सेवाओं के अलावा और कोई उपचार नहीं मिला। इससे पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं ठप रही। अस्पतालों के अलावा मेडिकल कालेजों के चिकित्सक भी हड़ताल में शामिल हुए। हिमाचल मेडिकल आफिसर एसोसिएशन मंडी जिला के प्रधान डॉ अमित ठाकुर ने बताया कि हड़ताल सफ ल रही है। शतप्रतिशत चिकित्सक इसमें शामिल हुए हैं। मांगे माने जाने तक रोजाना यह हड़ताल होगी। मंडी में



हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ की बैठक डॉ अमित ठाकुर की अध्यक्षता में हुई जिसमें सभी स्वास्थ्य खंडों, नागरिक चिकित्सालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने चिकित्सकों को एनपीए यानी नॉन प्रेक्टिस भता बंद कर दिया। बार बार आश्वासन के भी इसे जारी नहीं किया जा रहा है। हैरानी यह कि बीते साल 3 जून व हाल ही में 13 फरवरी को मुख्यमंत्री के साथ हुई वार्ता बैठकों की कार्रवाई रिपोर्ट तक जारी नहीं की गई।

# चिकित्सकों ने शुरू की पेन डाउन हड़ताल, मरीजों को परेशानी

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

चिकित्सकों द्वारा नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस सहित वेतन वृद्धि को लेकर किए जा रहे आंदोलन के तहत मंगलवार सुबह ही पेन डाउन स्ट्राइक शुरू की गई। इस मौके पर सभी चिकित्सकों ने साढ़े तीन घंटे तक ओपीडी का पूरा काम ठप्प रखा, जिसके चलते अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे रोगियों उनके परिजनों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना। एक तरफ जहां ओपीडी ब्लॉक में रोगियों की लंबी कतारें लगी थी, वहीं चैंबर खाली होने के चलते लोग चिकित्सकों का इंतजार करते नजर आए। गौरतलब है कि चिकित्सकों द्वारा की जा रही मांग में डीपीसी करने को भी प्रमुखता से उठाया जा रहा है। हड़ताल पर उतारू डॉक्टरों का



कहना है कि सरकार के समक्ष नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस, 4-9-14 की वेतन वृद्धि और प्रमोशन के लिए आवश्यक डीपीसी करने की मांग उठाई जा रही है। जिसके तहत पहले भी चिकित्सकों ने सरकार को अपनी समस्या और मांग से अवगत करवाया, लेकिन इस मामले को लेकर सरकार का उदासीन रवैया चिकित्सकों को हड़ताल करने पर मजबूर कर चुका है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी में पहुंचने वाले लोगों को चिकित्सा सुविधा लगातार जारी रखी गई है, लेकिन ओपीडी में आने वाले लोगों को पेन डाउन स्ट्राइक के कारण 12 के बाद ही उपचार मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि यदि अभी सरकार ने उनकी मांगों को अनदेखा किया तो आने

**मरीज हलकान**

**8 इमरजेंसी में पहुंचने वाले लोगों को चिकित्सा सुविधा लगातार जारी रखी गई है**

वाले समय में संघर्ष को और भी तेज किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉक्टर विकास चौहान, डॉ रवि कुमार शर्मा, डा. अंशा शर्मा, डा. खिमित जैन, डा. प्रवीण कुमार, डा. अंकुश शर्मा, डा. चंद्र मल्होत्रा, डा. दिव्यांश शर्मा, डा. पुनीत बंसल, डा. राहुल कौंडल, डा. नितिन वर्मा, डा. राहुल रॉय, डा. प्रियंका शर्मा, डा. स्वींकी जैन, डा. अरूनिधि शर्मा, डा. रेवा सूद, डा. उमेश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# केंद्र की जन विरोधी तो सरकार की जनहितैषी नीतियों पर जारी हुआ पोस्टर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**मंगलवार को युवा** कांग्रेस के संसदीय क्षेत्र प्रभारी नमन केडिया ने ऊना जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस की तरफ से एक पोस्टर जारी किया। जिसमे केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों और प्रदेश सरकार की 14 महीने की जनहितैषी नीतियों का उल्लेख किया गया है। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राघव ठाकुर व युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अखिल अग्निहोत्री विशेष रूप से



मौजूद रहे। युवा कांग्रेस के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र प्रभारी नमन केडिया ने पार्टी की तरफ से एक पोस्टर जारी करते हुए केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के साथ-साथ मौजूदा प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों का भी विशेष रूप से उल्लेख किया गया है।

नमन केडिया ने कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार ने जनमानस को ध्यान में रखते हुए नीति निर्धारण किया है।

# धमार्णी कॉलोनी में दंपति पर चाकू से हमला

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**सदर थाना ऊना** के तहत धमार्णी कॉलोनी में एक दंपति पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा चाकू से हमला किया गया है। हमले में घायल दोनों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस ने पड़ोसी महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सीमा देवी निवासी हमीरपुर ने बताया कि पिछले काफी समय से धमार्णी कॉलोनी में किराए के मकान पर रह रही हूं। सोमवार रात्रि साढ़े 10 बजे पडोस में जोर-जोर से चिल्लाने की आवाजें आ रही थी। ऐसे में अपने पडोसी रेणू वाला व उसके पति दीपक डोगरा के साथ अपनी पडोसन आशी के घर पहुंची। जहां पर पाया कि पड़ोसन आशी रो रही है तथा उसका बेटा भी एक अज्ञात व्यक्ति के घर में आने से डरा हुआ था। ऐसे में जब दीपक डोगरा व्यक्ति के पास पहुंचा, तो व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया। दीपक पर हमला होता देख पत्नी रेणु वाला व सीमा देवी बचाने को पहुंचे, तो व्यक्ति ने रेणु वाला पर भी चाकू से हमला कर मौके से फरार हो गया।

# नितेश मिस्टर व सुरभि शर्मा बनी मिस फेयरवेल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में मंगलवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। फेयरवेल में छात्राओं ने हिमाचल की खूबसूरत पारंपरिक परिधान साड़ी में सजधज कर कैटवॉक किया। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया।समारोह के दौरान नितेश को मिस्टर फेयरवैल और सुरभि शर्मा मिस फेयरवैल के ताज से सम्मानित हुई। इस अवसर पर



उपप्रधानाचार्य सुरेंदर सिंह, राकेश कुमार, राजीव कौशल, सुनील कुमार, राजीव कुमार, रेनू सरोच, कुमारी शैलजा, ललित मोहन, संजीव कुमार, सुरेश कुमारी, पंकज, अच्छरा देवी, मनोज कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रदेश सरकार का बजट दिशाहीन, चंबा जिला बजट से पूरी तरह अछूता रहा: जय



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**मुख्यमंत्री सुखविंदर** सिंह सुख द्वारा पेश किया गया बजट पूरी तरह से उदासीन और दिशा विहीन है। यह बात पत्रकार सम्मेलन में बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के उपाध्यक्ष रहे जय सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि यह बजट पूरी तरह से दिशाहीन है तथा इस बजट में प्रदेश सरकार की उन 10 गारंटीयों का जिक्र तक नहीं किया गया जिसके बलबूते पर किया चुनाव जीता गया। उन्होंने कहा कि जब पार्टी सत्ता में आई थी तो उन्होंने प्रदेश की जनता को 10 गारंटीयां दी थी जिसका जिक्र इस बजट में दूर.दूर तक दिखाई नहीं दे रहा। सत्ता में आते ही प्रदेश के बेरोजगारों को हर साल एक लाख नौकरियां दी जाएगी तथा 5 सालों में 5 लाख नौकरियां प्रदान की जाएगी, प्रदेश के लोगों को 300 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी महिलाओं के खाते में हर महीने 1500 रुपए डाले जाएंगे वह सारी गारंटियां कहां गई। जय सिंह ने कहा कि इन 14 महीना के अपने शासनकाल में सरकार ने मात्र कैबिनेट बैठकें की है और कोई कार्य नहीं किया। उन्होंने चंबा जिला का जिक्र करते हुए कहा कि इस बजट में चंबा विधानसभा क्षेत्र तो क्या पूरे चंबा जिला की बात तक नहीं हुई। चंबा जिला एक आकांक्षी जिला है लेकिन बजट से हमें क्या हासिल हुआ कोई भी घोषणा चंबा जिले के लिए नहीं की गई उल्टा जो विकास भी हुआ उसे पर भी रोक लगा दी गई। केंद्र सरकार द्वारा जो स्कीमें चली हुई है उसके अलावा राज्य सरकार ने चंबा जिला में कुछ नहीं किया उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चंबा के सत्ताधारी नेता खाली हाथ गए और खाली हाथ वापस आ गए। उन्होंने कहा कि इस बजट में जहां स्थानीय नेता बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते नजर आए की जिला मैं सुरंग का जाल बिछाया जाएगा जबकि बजट में इन सुरंगों का प्रावधान तो क्या नाम तक नहीं दिया गया। किसी भी वर्ग के लिए इस बजट से कोई सुखद घोषणा नहीं हुई ना तो आउटसोर्स कर्मचारी के लिए कोई पॉलिसी बन पाई ना ही अन्य कर्मचारियों के लिए कोई लाभ मिल पाया इस बजट में मात्र हमीरपुर और ऊना जिलों को ही महत्व दिया गया है ।दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में हमीरपुर तथा ऊना जिला मैं मिल्क प्लांट लगाने की बात कही गई क्या बाकी जिले तथा पिछड़ा जिला चंबा सरकार की नजर में नहीं आया। उन्होंने कहा कि बजट में सिर्फ 2116 पदों को भरने की बात कही गई है जबकि घोषणा तो 1 वर्ष में एक लाख नौकरियां देने की थी वह कहां गई। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी कार्य समिति सदस्य धन्नो देवी सहित भाजपा नेता जटूराम तथा नेकराज उपस्थित रहे।



हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय पहुँचने पर गेट नंबर-1 पर सलामी लेते विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां। आज 11 बजे से सदन की कार्यवाही का संचालन आरम्भ करेंगे।

## 'बजट में भेड़-बकरी पालकों के हितों का रखा गया है विशेष ध्यान'



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**विधानसभा अध्यक्ष** कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में भेड़ पालकों के हितों का ध्यान रखते हुए 10 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि का प्रावधान किया है। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सूक्खु द्वारा प्रस्तुत बजट में भेड़-बकरी पालकों की बड़ी समस्याओं में डिप्पिंग और ड्रेंचिंग की व्यवस्था में सुधार के प्रावधान करने के साथ भेड़ों की ऊन कटाई की मौजूदा व्यवस्था में सुधार करके परम्परागत चरानों तथा रास्तों का पुनः निर्माण, ऊन के व्यापार में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में आए बदलाव के कारण ऊन के खरीद मूल्य में भारी गिरावट के बावजूद उचित व्यवस्था करना, प्रदेश में भेड़-बकरियों के लिए एफ एमडी वैक्सीनेशन शुरू करने तथा विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए एक नई योजना भेड़-बकरी पालक प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ करने की घोषणा से भेड़ पालक काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। यहां खास बात यह है कि प्रदेश में जहाँ 8 लाख भेड़ें तथा 11 लाख बकरियों की संख्या हैं वहीं जिला में भेड़ पालकों के पास भेड़ 245560 तथा 225361 बकरियां है। वर्तमान में भी कई परिवारों की आर्थिकी का आधार भेड़-बकरी पालन व्यवसाय है।

## आईजीएमसी आरकेएस कर्मचारियों की पेन डाउन स्ट्राइक आज से चार घंटे



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**हिमाचल प्रदेश** में राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी के आरकेएस कर्मचारी नियमित पे स्केल के लिए कई दिनों से पेन डाउन स्ट्राइक कर रहे है। मांग न मानने पर ये स्ट्राइक आज से चार घंटे हो गई है। ये कर्मी काले बिल्ले लगाकर शांतिपूर्वक धरना दे रहे हैं। मंगलवार को भी अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइन लगी रही और लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ी। आरकेएस यूनियन के महासचिव विनोद कुमार ने बताया कि आईजीएमसी के 55 आरकेएस कर्मचारी है जो लंबे समय से नियमित पे स्केल की मांग कर रहे हैं। आज से उनकी हड़ताल सुबह 8 से 12 बजे तक चलेगी। उन्होंने कहा कि पहले भी 60 कर्मचारियों को नियमित पे स्केल में लाया गया हैं। सरकार को उनकी तरफ ध्यान देने की जरूरत हैं। अगर उनकी मांग नहीं मानी जाती है तो ये प्रदर्शन आगे बढ़ता जाएगा। विनोद कुमार, महासचिव आरकेएस यूनियन।

## 'जन आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं उतरा कांग्रेस सरकार का दूसरा बजट'



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/ एसपी जैरथ**
**सरकार का दूसरा** बजट जन आकांक्षाओं के अनुरूप खरा नहीं उतरा यह बात कांग्रेस ही नेता भी मान रहे। सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ही इसे लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हिमाचल के इतिहास में पहली बार ऐसा देखा गया है जब सरकार का ही एक मंत्री अपने मुख्यमंत्री द्वारा पेश बजट से नाखुश दिखा और अपनी भड़ास सोशल मीडिया पर निकालकर इसमें संशोधन की मांग कर डाली है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने ये टिप्पणी करते हुए कहा कि ये सुखमय नहीं दुखमय बजट है। पिछले वर्ष के बजट में की गई घोषणाओं को भी ये सरकार पूरा नहीं कर पाई। इस बार के बजट में भी पिछले बजट में की गई ज्यादातर घोषणाओं को ही दोहराया गया है। सबसे अचरज की बात यह है कि जिन गारंटियों पर कांग्रेस सत्ता में आई इस बजट में उन गारंटियों का जिक्र तक नहीं है। दूसरे बजट में भी सरकार ने प्रदेश के युवाओं से लेकर महिलाओं, किसानों से लेकर बागवानों तक को निराश किया है। हिमाचल प्रदेश की जनता कांग्रेस के इस झूठ और गुमराह करने की राजनीति का आने वाले दिनों में कड़ा जवाब देगी। बलदेव तोमर ने कहा कि अपने नाम पर योजनाओं का नाम रखकर ही मुख्यमंत्री हंसी का पात्र बन रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### उज्जवला योजना के उपभोक्ताओं को 28 तक ई के-वाईसी करवाना होगा अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय। इन्डेन गैस** जोगिंद्रनगर के प्रभारी पवन ठाकुर ने जारी बयान में कहा है कि जिन उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस के कनेक्शन दिए गए हैं ऐसे सभी उपभोक्ता को 28 फरबरी से पहले अपनी ईकेवाईसी करवाना अनिवार्य होगा अन्यथा उनके कनेक्शन मार्च में बंद कर दिए जाएंगे। पवन ठाकुर ने बताया कि इंडियन आयल के निदेर्शों के अनुसार जिनकी ई.के वाई सी झूही होगी उनकी सब्सिडी मार्च में बंद कर दी जाएगी। इसलिए उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं से अनुरोध है की वे गैस एजेंसी में अपनी आधार की कॉपी और मोबाइल के आकर दर्ज करवाएं।

### सोलन में डॉक्टरों की ढाई घँटे की पैन डाउन स्ट्राइक हुई शुरू, मरीज ओपीडी के बाहर करते रहे डॉक्टरों का इंतजार

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष। एनपीए बहाल** करने समेत अन्य प्रमुख पांच मांगों को लेकर लगातार डॉक्टर 33 दिनों से काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन आज से अस्पतालों में ढाई घंटे की पैन डाउन स्ट्राइक डॉक्टरों द्वारा शुरू कर दी गई है। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में भी डॉक्टरों द्वारा सुबह 9:30 से लेकर 12 बजे तक इस स्ट्राइक को किया जा रहा है जिस कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन सोलन इकाई के प्रधान डॉक्टर कमल अटवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 1 साल से वह अपनी मांगों को लेकर लगातार सरकार के समक्ष बात रख रहे हैं लेकिन 33 दिन तक काले बिल्ले लगाने पर भी सरकार ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया और वार्ता के बाद भी कोई रिजल्ट नहीं निकल पाया है। सरकार उनकी मांगों को टालने का प्रयास कर रही है, डॉ कमल ने कहा कि अभी 5 मार्च तक इसी तरह से डॉक्टर अस्पतालों में पैन डाउन स्ट्राइक करने वाले हैं उसके बाद जो राज्य स्तर की कमेटी निर्णय लेगी उसको लेकर कार्य किया जाएगा। बता दें कि क्षेत्रीय अस्पताल सोलन जिला का सबसे बड़ा अस्पताल है जहां पर शिमला सिरमौर सोलन के लोग अपना इलाज करवाने के लिए आते हैं।

## परीक्षा परिणाम जारी करने को लेकर धरने पर बैठे जेओएआईटी अभ्यर्थियों से मिलने पहुंचे कांग्रेस



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**एक तरफ विधानसभा** के अंदर बजट पर चर्चा जारी है वहीं दूसरी ओर चौड़ा मैदान में जेओएआईटी अभ्यर्थी लगातार धरने पर हैं। अपने परीक्षा परिणाम घोषित करने को लेकर मांग कर रहे जेओएआईटी अभ्यर्थियों तमाम मुश्किलों के बावजूद हड़ताल पर बैठे हुए हैं। ऐसे में कांग्रेस की पूर्व सरकार में मंत्री और वर्तमान में विधायक सुधीर शर्मा और कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा अभ्यर्थियों से मिलने चौड़ा मैदान पहुंचे। जहां उन्होंने उनका हाल जाना और अभ्यर्थियों के मामले को सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दियाण्पहले भी सुधीर शर्मा और राजेन्द्र राणा सरकार से इनका परिणाम घोषित करने की मांग उठा चुके है। राजेन्द्र राणा ने तो खुला पत्र मुख्यमंत्री को लिखा था। वही आज धरना स्थल पर जा कर दोनों ही विधायको ने इनका दर्द जाना और सदन के अंदर इस मामले को उठाने का आश्वासन दिया।कांग्रेस विधायक और पूर्व की कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे सुधीर शर्मा ने कहा कि उन्होंने जेओएआईटी अभ्यर्थियों का मुद्दा सदन में उठाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी प्रदेश में विकराल समस्या है उन्होंने कहा कि यह समस्या अभी भी बनी हुई है। सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश के बेरोजगारों ने कांग्रेस को सत्ता में लाया। उन्होंने कहा कि इन अभ्यर्थियों को न्याय मिलना चाहिए। सुधीर शर्मा ने कहा कि वह पहले भी अभ्यर्थियों का मामला उठाते आए हैं। इस दौरान उन्होंने राजेंद्र राणा के पत्र का भी जिक्र किया। सुधीर शर्मा ने कहा कि वे इस मामले को सदन उठाएंगे जिसके बाद वास्तव स्थिति का पता चलेगा। सुधीर शर्मा, कांग्रेस विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री वही इस मौके पर कांग्रेस विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि अभ्यर्थियों ने अपनी स्थिति के बारे में उन्हें बताया है और उच्चतम न्यायालय की जजमेंट कॉपी दी है उन्होंने कहा की लोकतंत्र में अपनी बात उठाने का हक हर किसी को है और अभ्यर्थी भी आंदोलन कर सकते हैं। राजेंद्र राणा ने कहा कि वे चुने हुए प्रतिनिधि होने के नाते अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना उनका दायित्व है उन्होंने कहा कि वह पहले भी अभ्यर्थियों की आवाज उठाते रहे हैं और आगे भी आवाज उठाते रहेंगे उन्होंने कहा कि इस मामले को सदन में उठाएंगे।

## पूना में डंडो से युवक की पिटाई

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। सदर थाना** के तहत पूना में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट के दौरान जहां डंडो व चैन सेट से पीटा गया, तो वहीं हवाई फायर भी किया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांच के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जसनीत सिंह निवासी बीनेवाल ने बताया कि गत शाम को पूना रोड़ पर पहुंचने पर दो युवक बाइक सवार होकर आए और मुझे घेर लिया और डंडो व चैन सेट से पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान अन्य युवक भी मौके पर पहुंच गए और मारपीट करने लगे।

## तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेला संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**रिवालसर का तीन** दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेला संपन्न हो गया। समापन समारोह में एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने इस मौके पर मेले में उत्कृष्ट सहयोग के लिए संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों सहित खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल रहे महिला मण्डलों, युवक मण्डलों और स्कूली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। संजीव गुलेरिया का समापन समारोह में पहुंचने पर लोगों ने भव्य स्वागत किया। संजीव गुलेरिया ने मेले के सफल आयोजन के लिए एसडीएम बल्ह और उनकी पूरी टीम को बधाई दी और उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इस मेले को और अधिक भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। संजीव गुलेरिया ने इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का दूसरा खाबू में पटवार सर्कल खोलने और रिवालसर में बागवानी कार्यालय खोलने की घोषणा करने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने रिवालसर के सौंदर्यकरण का तीन महीने में मास्टर प्लान तैयार करने की घोषणा के लिए भी उनका आभार व्यक्त किया। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम बल्ह विशाल शर्मा ने विभिन्न संस्थाओं द्वारा मेले के आयोजन के लिए दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव यादवेन्द्र शर्मा, नगर पंचायत रिवालसर की अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, तहसीलदार बल्ह विपिन कुमार, सहित आदि उपस्थित रहे।

## शूलिनी मेले तक शहर में हटाए जाएंगे अवैध कब्जे



**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**
**सोलन शहर** अतिक्रमण मुक्त हो सके इसको लेकर लगातार प्रशासन मुहिम के तहत शहर में कार्य कर रहा है पिछले साल दिसंबर माह से शहर में अवैध कब्जे हटाने की मुहिम शहर में शुरू की गई थी। वहीं अब यह मुहिम शहर के शामती, डमरोग रोड, शहर के बाजारों और माल रोड पर प्रशासन द्वारा की जा चुकी है। मंगलवार को प्रशासन की टीमें शहर के शूलिनी रोड़ पर पहुंची है जहां पर डीसी रेजिडेंस तक अवैध कब्जों की पहचान कर उन्हें हटाया जा रहा है और जो लोग अवैध कब्जे नहीं हटाएंगे उसको लेकर प्रशासन खुद कार्रवाई करेगी। हालांकि लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि वे दो दिनों के भीतर जो अवैध कब्जे उनके द्वारा किए गए हैं उन्हें हटा ले वरना प्रशासन इसको लेकर खुद कार्रवाई करेगा। एसडीएम सोलन डॉक्टर पूनम बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के शूलिनी मंदिर रोड पर डीसी रेजिडेंस तक जाम की समस्या अक्सर देखने को मिलती है यहां पर रोड संकरा होने के चलते लोगों को काफ ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने कहा कि यहां पर अवैध कब्जों की पहचान प्रशासन की ओर से की जा रही है और उन्हें हटाया जा रहा है लोगों से भी आग्रह किया जा रहा है कि इसे यहां में हटा लें। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में शूलिनी मेला आने वाला है ऐसे में यहां पर लोगों की भारी संख्या देखने को मिलती है यहां पर जाम जैसी समस्या ना हो और लोगों को भी पैदल चलने में परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए अब अवैध कब्जों की पहचान कर इसे यहां से हटाया जा रहा है। इस रोड पर बिजली के खंबे भी सडक के साइड वाले हिस्सों में हैं उन्हें भी हटाने के लिए बिजली विभाग के साथ एक बैठक की जाएगी और इन्हें हटाया जाएगा ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। बता दें कि सोलन शहर में अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है और शहर के सभी हिस्सों में इसको लेकर आगामी दिनों में प्रशासन मुहिम के तहत कार्य करेगा।

## स्वीप कोर समिति की बैठक आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**
**लोकसभा** निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत गत दिवस को जिला स्तरीय सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता स्वीप कोर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने की। मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन जिला के अधिक से अधिक मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान का प्रयोग करने के लिए स्वीप की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हिमाचल प्रदेश के 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके किंतु अन्य राज्यों में रह रहे युवाओं के फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए उनके अभिभावकों को घर-घर जाकर जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार शत-प्रतिशत युवाओं का पहचान पत्र बनाया जा सकता है।उन्होंने जिला निर्वाचन विभाग को निर्देश दिए कि ऐसे सभी पात्र युवा मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र बनाया जाए जिनके नाम अभी मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को मतदाता पहचान पत्र बनाने एवं मतदान के सम्बन्ध में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी को निर्देश दिए कि वह युवाओं का समूह बनाएं तथा उनके माध्यम से सोलन शहर के सभी वार्ड में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।उन्होंने कहा कि जिला में 100 वर्ष से अधिक की आयु वर्ग से 19 मतदाता हैं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन बुजुर्ग मतदाताओं द्वारा संदेश तैयार करवाकर युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें।

## जिला मैनुअल स्कैवेंजर सतर्कता समिति की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**उपायुक्त मुकेश** रेपसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला में मैनुअल स्कैवेंजर हाथ से मैला उठाने अधिनियम 2013 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्षा में किया गया। उपायुक्त ने इस संदर्भ में नगर परिषद चंबा, डलहौजी छावनी डलहौजी और बकलोह को विस्तृत सूचना उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि मैन्युअल स्कैवेंजिंग एक कुप्रथा है। मैनुअल स्कैवेंजरों के साथ हो रहे सामाजिक भेदभाव और इन कार्यों से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए मैनुअल स्कैवेंजर एक्ट 2013 के तहत ऐसे कार्य प्रतिबंधित है। इस एक्ट का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति को कारावास या नगदी जुमार्ना अथवा दोनों सजा का प्रावधान है। उन्होंने सूखे और अस्वच्छ शौचालय बिना सेप्टिक टैंक के संबंध में भी अधिकारियों को सूचना उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने जिला के सभी एसडीएम से ऐसे मामलों को लेकर भी सूचना उपलब्ध करवाने को कहा। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने बताया कि मैन्युअल स्कैवेंजर हाथ से मैला उठाने की प्रथा पूरी तरह बंद है तथा जिला में कोई भी ऐसा मामला सामने नहीं आया है।

# राजनीति के शोर में न दब जाए, संदेशखाली की आवाज !



आशीष वशिष्ठ

> बेहतर तो ये होता कि कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन में शामिल अन्य दलों का संयुक्त प्रतिधिमंडल संदेशखाली में पीड़ित महिलाओं की बात सुनकर ममता बैनर्जी को कठघरे में खड़ा करता किंतु वोटों की राजनीति के कारण महिलाओं के अपमान पर भी अधिकतर पार्टियां मौन साधे बैठी हैं। चूंकि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं इसलिए देखना ये होगा कि इतना गंभीर मुद्दा कहीं राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और शोर–शराबे में दबकर न रह जाए। आरोपियों का कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जो नजीर बनें

**बीते** कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल का संदेशखाली सुर्खियों में बना हुआ है। संदेशखाली से जो खबरें छन-छनकर बाहर आ रही हैं, वो किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को व्यथित कर सकती हैं। संदेशखाली पर जितनी रपटें और विश्लेषण सामने आए हैं, उनके मद्देनजर आश्चर्य होता है कि 2011 से वहां दरिंदों के अत्याचार, यौन उत्पीड़न और भूमि पर जबरन कब्जों के सिलसिले जारी रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री उन्हें झूठ करार दे रही हैं। जो जानकारी आई उसके आधार पर ये कहा जा सकता है कि संदेशखाली में मध्ययुगीन गुलाम प्रथा जिंदा है। संदेशखाली का पूरा मामला प्रवर्तन निदेषालय यानी ईडी की कार्रवाई के बाद लोगों के सामने आया है। बीती 5 जनवरी, 2024 को ईडी के अधिकारियों ने राशन भ्रष्टाचार मामले में संदेशखाली के सरबेड़िया में तृणमूल नेता शेख शाहजहां से पूछताछ करने पहुंचे हुए थे। तृणमूल के गुंड़ों की मदद से न सिर्फ नेता शाहजहां शेख फरार हो जाने में कामयाब रहा, बल्कि इस दौरान सरकारी अधिकारियों पर भी हमले भी किए गए थे। इसके बाद से ही स्थानीय लोगों ने अपनी आवाज तेज कर दी और खुलकर सामने आ गए। जो कुछ भी उनके द्वारा बताया गया, वह 21वीं सदी में अकल्पनीय है। शाहजहां शेख और उसके गुर्गे महिलाओं को अपनी निजी संपत्ति मानकर उठा ले जाते रहे और तृणमूल कार्यालय में रखकर उनका यौन शोषण कर छोड़ देते थे। विवाहित महिला के पति को भी ये कहा जाता कि उसकी पत्नी पर पहला अधिकार शेख का है। किसी भी सुंदर महिला को जबरन उठाकर ले जाना और उसका यौन शोषण करना संदेशखाली में आम बात थी। जब महिलाओं से पूछा गया कि वे इस अत्याचार के विरुद्ध अब तक खामोश क्यों रहीं तो उनका उत्तर था कि शाहजहां जब ईडी के डर से फरार हुआ तब जाकर उनमें साहस आया।

वह लोगों की जमीनों पर जबरन कब्जा करने और उनकी मजदूरी छीनकर आतंकित करने का काम करता रहा किंतु तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा होने की वजह से उसका हौसला बुलंद था। ईडी की छापेमारी के बाद संदेशखाली महिला सशक्तीकरण का जीवंत उदाहरण बन गया है। लेकिन महिला होने के बावजूद ममता बैनर्ज अभी तक अपनी पार्ट के कुख्यात नेता पर लग रहे आरोपों पर ध्यान देने के बजाय ये शिगूफा छोड़ रही हैं कि संदेशखाली आरएसएस का प्रभावक्षेत्र है। महिलाओं पर उनके साथ हुए बलात्कार को साबित करने का दबाव भी बनाया जा रहा है। विवाद बढ़ने के बाद 12 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने संदेशखाली का दौरा किया। यहां की महिलाओं से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने मीडिया से कहा, मैंने संदेशखाली की माताओं और बहनों की बातें सुनी. मुझे विश्वास नहीं हुआ कि रबिन्द्र नाथ टैगोर की धरती पर ऐसा भी हो सकता है। राज्यपाल के बयान से स्थिति की गंभीरता को समझा जा सकता है। राष्ट्रीय महिला आयोग की फैक्ट-फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट से भी संदेशखाली के हालात की भयानकता उजागर हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है, गांव की महिलाओं से जुटाई गई गवाहियां परेशान करने वाली हैं, जो वहां व्यापक भय और व्यवस्थित दुर्व्यवहार की एक भयावह तस्वीर सामने लाती हैं। इसके मुताबिक, पीड़िताओं ने पुलिस अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस के लोगों की ओर से की गई शारीरिक और यौन हिंसा की वारदातों का जिक्र किया। इससे लगता है कि शाहजहां शेख ने संदेशखाली में अपने गुनाहों का जो साम्राज्य कायम किया था, उसमें पुलिस भी सक्रिय तौर पर शामिल थी। राष्ट्रीय महिला आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस गांव की जिस महिला ने भी अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई, उन्हें उसका खामियाजा भुगतना पड़ा। चारों ओर से दबाव पड़ने पर दिखावे के लिए कुछ छुटभैये किस्म के तृणमूल नेताओं को पुलिस ने जरूर पकड़ा है किंतु जो लोग संदेशखाली के हालात का जायजा लेने जा रहे हैं उनको भी रोकने की करवाई पुलिस और प्रशासन द्वारा किए जाने से साफ है कि ममता सरकार को महिलाओं के मान-सम्मान से अधिक अपनी पार्ट के नेताओं की चिंता है। पष्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। बंगाल में 27 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है। ममता बनर्ज इनके तुष्टिकरण से ही सत्ता में बनी हुई है। और इस्लामी एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। ममता बनर्ज के शासनकाल में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को अपने धार्मिक रीति-रिवाज, पर्व-त्योहार मनाने तक की स्वतंत्रता नहीं रह गई है। वस्तुस्थिति ये है कि वामपंथी सरकार के राज में जो गुंडे आतंक का पर्याय थे वे सभी सत्ता परिवर्तित होते ही तृणमूल कांग्रेस में आ गए। परिणामस्वरूप पष्चिमबंगाल की स्थिति आसमान से टपके खजूर पर अटके वाली होकर रह गई।

पहले जो लूटपाट वामपंथी पार्टी का कैडर करता था, वही अब तृणमूल कार्यकर्ता बन चुके असामाजिक तत्व धड़ल्ले से करते हैं। चूंकि पुलिस उनके क्रियाकलापों पर रोक नहीं लगाती लिहाजा जनता भी भयग्रस्त है। संदेशखाली की घटना पहली नहीं है। बीते कुछ सालों में यह राज्य अराजकता के शिकंजे में फंस गया है। चूंकि कांग्रेस और वामपंथी पूरे तौर पर हाशिए पर आ चुके हैं इसलिए भाजपा ही पश्चिम बंगाल में विकल्प के रूप में उभर रही है। संदेशखाली की लड़ाई में भी वही पीड़ित महिलाओं के साथ खड़ी हुई है। हालांकि लोकसभा में कांग्रेस दल के नेता अधीर रंजन चैधरी ममता सरकार के विरुद्ध आवाज उठाया करते हैं किंतु जिस इंडिया गठबंधन में तृणमूल भी शामिल है उसकी ओर से संदेशखाली में हुए अत्याचार के विरुद्ध कुछ न कहा जाना चौंकाता है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तरफ से भी ममता बैनर्ज की सरकार का वैसा विरोध नहीं हुआ जैसा अपेक्षित था। मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने विधानसभा में कहा है कि संदेशखाली में आरएसएस का अड्डा है और वही औरतों को उकसा और बरगला रहा है। यदि संघ किन्हीं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, तो मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? लेकिन ममता बैनर्ज ने इस कांड पर अब तक जिस प्रकार का गैर जिम्मेदाराना रवैया दिखाया वह शर्मनाक है। क्या यह संभव हो सकता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जानकारी ही न हो कि उनका सिंडिकेट कहां है? ममता-राज के दौरान तृणमूल के भीतर ही ऐसा सिंडिकेट बना दिया गया है, जो ज्यादातर हिंदू आबादी पर ही दरिंदगी दिखाते हैं। पुरुषों को जान से मार देने की धमकियां भी देते हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान इसी सिंडिकेट ने भाजपा के खिलाफ 273 घटनाएं की थीं। कई कार्यकताओं को भी मार दिया गया था। यह गुंडई पंचायत चुनावों में सरेआम कहर ढहाती रही है। क्या एक महिला मुख्यमंत्री का शासन ऐसा भी हो सकता है कि दरिंदे खुलेआम हत्याएं और अत्याचार कर सकें? इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय का रवैया भी निराशाजनक है। जब किसी स्थान की दर्जनों महिलाएं उन पर हुए अमानुषिक अत्याचार की जानकारी सार्वजनिक रूप से दे रही हों तब तो मुख्यमंत्री को खुद उनसे मिलकर अपराधियों को सजा दिलवाने की पहल करनी चाहिए थी। लेकिन इसके विपरीत वे इसे राजनीतिक मोड़ देकर अपनी पार्टी के साथ जुड़े समाज विरोधी तत्वों को बचाने में जुटी हुई हैं।

बेहतर तो ये होता कि कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन में शामिल अन्य दलों का संयुक्त प्रतिधिमंडल संदेशखाली में पीड़ित महिलाओं की बात सुनकर ममता बैनर्जी को कठघरे में खड़ा करता किंतु वोटों की राजनीति के कारण महिलाओं के अपमान पर भी अधिकतर पार्टियां मौन साधे बैठी हैं।

चूंकि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं इसलिए देखना ये होगा कि इतना गंभीर मुद्दा कहीं राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और शोर–शराबे में दबकर न रह जाए। आरोपियों का कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जो नजीर बनें।



## संपादकीय

# मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव

**देश में** विकास के मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव के समाचार रोज कहीं न कहीं से आते ही रहते हैं। यह ठीक है कि कुछ नया बनेगा तो कुछ पुराने को हानि भी झेलनी पड़ेगी। किन्तु जीवन के लिए आवश्यक हवा पानी और भोजन जैसे संसाधनों पर जब चोट पड़ने लगती है तो मामला चिंतनीय हो जाता है और उस पर तार्किक रूप से विचार करना जरूरी हो जाता है। किन्तु खेद का विषय है कि आमतौर पर स्थानीय निवासियों के हितों पर परियोजना हितों को वरीयता दी जाति है। इस स्थिति में टकराव शुरू हो जाते हैं, जिनका समाधान यदि तर्क और स्थानीय हितों को ध्यान में रख कर न किया जाए तो मामले बिना वजह ही उलझ जाते हैं और बहुत बार अनावश्यक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाते हैं। कई बार गलत या अधूरी सूचनाओं के कारण भी मामले उलझ जाते हैं। आजकल हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला में इसी तरह का आन्दोलन अली खड्ड के पानी को ले कर चल रहा है। आंदोलनकारी तीन सप्ताह से बैठे हैं किन्तु किसी अर्थपूर्ण संवाद के अभाव में कोई हल निकल नहीं सका है। अनुभव यह बताता है कि शांतिपूर्ण आंदोलनों को जब समय पर सुना नहीं जाता है तो आन्दोलन उलझ जाते हैं और कई बार गलत हाथों में चले जाते हैं। इस लिए एक स्वस्थ प्रजातंत्र में लोगों के असहमति के अधिकार का सम्मान करते हुए आन्दोलन की बात को जल्दी सुना जाना चाहिए। किन्तु प्रशासन अपनी जिद पूरी करने के लिए मुद्दे की बात समझने के बजाय आन्दोलन को लंबा लटका कर लोगों को थका कर आन्दोलन को समाप्त करने की रणनीति अपनाने का प्रयास करता है। यह समस्या को बिना सुने समझे टाल देने का तरीका वाजिब नहीं है। यदि प्रशासन की बात सही है तो तर्क और पूरी सूचना देकर मामला सुलझाया जा सकता है। और यदि आन्दोलनकारियों की बात तथ्यात्मक है तो तथ्यों का ध्यान रखते हुए मामला हल किया जा सकता है। जीवनयापन के लिए अपरिहार्य रूप से आवश्यक संसाधनों की जब बात आती है तो स्थनीय निवासियों के अधिकारों को वरीयता दी जानी चाहिए, यही प्राकृतिक न्याय की मांग है। जहां दोनों पक्ष अपनी-अपनी जगह सही हों तो किसी एक की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकल्प तलाशने चाहिए। इस प्रक्रिया में दलगत राजनैतिक हित साधने के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। इस दृष्टि से देखा जाए तो इस आन्दोलन में दोनों मुख्य राजनीतिक दलों के स्थानीय नेता एक स्वर में त्रिवेणी घाट से पानी उठा कर अंबुजा सीमेंट प्लांट को देने का विरोध कर रहे है। विरोध का तार्किक आधार यह है कि जहां से पानी उठाया जा रहा है वहां से नीचे बिलासपुर जिला के चार निर्वाचन क्षेत्रों का पानी अली खड्ड से मिल रहा है। जिसके लिए 24 लिफ्ट और ग्रेविटी पेयजल योजनाएं, 7 सिंचाई लिफ्ट योजनाएं, स्थानीय कुहलें और घराट तथा मछली प्रजनन केंद्र चल रहे हैं। जिससे 50 हजार से ज्यादा जनसंख्या की पानी जरूरतें पूरी हो रही हैं। 1992 में भी यह योजना गुजरात अंबुजा के पूर्व मालिक द्वारा प्रस्तावित की गई थी जिसे वीरभद्र सिंह सरकार द्वारा डाउन स्ट्रीम स्थानीय समुदाय का पक्ष सुन कर रद्द कर दिया था। अब नए मालिक ने फिर से उस योजना को पुनर्जीवित करके निर्माण कार्य शुरू करवाया है। इसके लिए जलशक्ति विभाग को माध्यम बनाया गया है।

## कविता

**आरती- छत्तीसगढ़ महतारी**

जय जय छत्तीसगढ़िन ओ, दाई छत्तीसगढ़िन ओ।
तोर कोरा मा जनमेन-2, खेलेन अउ बाढ़ेन ओ।।

भारत के भुइँया मा बसे तँय, महिमा हे तोर भारी।
दक्षिण कोशल नाम ले जग मा, जानत हे नर-नारी।।

ऐंठी रुपिया करधन साँटी, पहिरे हे लुगरा हरियर।
मोहनी मुरतिया रुप हे दाई, हावस सब ले सुग्घर।।

अरपा पैरी महानदी के, धार बोहावत हे।
इंद्रावती हा दाई तोरे, चरण पखारत हे।।

धान के कटोरा दाई, सब झन कहिथें ओ।
चना गहूं तिवरा राहेर, लहरावत रहिथे ओ।।

तोर कोरा मा भरे हे दाई, खनिज के भंडार।
छत्तीसगढ़ महतारी तोरे, महिमा हे अपरंपार।।

चारो मूड़ा मा हावय दाई, देवता धामी के वास।
भक्तन के दुख पीरा हरथे, करथे बइरी के नास।।

डोंगरी-पहाड़ी जंगल-झाड़ी, सुग्घर हे तोर राज।
जे तोला गोहराथे दाई, ओखर बनाथस काज।।

अर्जी करत हँव दाई तोरे, महिमा जग मा छाय।
राजकुमार निषाद हा दाई, आरती ला सिरजाय।।

राजकुमार

# आस्था से अर्थव्यवस्था

**डा मनमोहन प्रकाश**

**भारत संविधान** से भले ही सनातन राष्ट्र ना हो किन्तु इस धर्म या विचार को मानने वालों की संख्या के आधार पर सनातनी राष्ट्र है। पिछले एक दशक में देश की जनता ने भयमुक्त होकर सनातन धर्म, संस्कार और संस्कृति का समर्थन किया है। कुछ मुठ्ठी भर लोगों ने विरोध भी किया, सनातन धर्म और उसके ग्रंथों को भला-बुरा कहा, पर अन्त में उन्हें हताशा और निराशा ही हाथ लगी। वहीं दूसरी ओर कुछ राजनीतिक दलों के नेताओं को न चाहकर भी सनातन मंदिर के सामने नतमस्तक होना पड़ा। किन्तु अब प्रदेश और केंद्र की सरकारों को इसमें रोजगार और स्वरोजगार सृजन का मार्ग दिखाई देने लगा है।शायद इसी के मध्येनजर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए धर्म स्थलों को न सिर्फ आकर्षक बनाने की शुरूआत की गई अपितु इन्हें सभी सुविधाओं से युक्त करने के प्रयास भी तेज हुए हैं। पर्यटन के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना कोई नया फंडा नहीं है। विदेशों में पर्यटन को उद्योग मानते हुए इसके माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रयास किया जाता रहा है। कुछ देश तो पर्यटन के कारण ही फल-फूल रहे हैं,चाहे फिर वो यूएई हो, मलेशिया हो,मारिशस हो, यूरोप, दक्षिण अफ्रीका हो या फिर मालदीव आदि। स्वयं या परिवार के आनंद के लिए पर्यटन या यात्राएं वैसे तो पैसे वालों का शौक रहा है पर भारत में धर्म यात्राएं गरीब से लेकर अमीर व्यक्तियों का सपना होती हैं। जैसे हर सनातनी की इच्छा होती है कि वह अपने जीवन में एक बार चार धाम की यात्रा करे, बाराह ज्योतिलिंगों तथा इक्वायन शक्ति पीठों और अष्ट विनायक के दर्शन, जितना भी कर सके,अवश्य करे। इसी तरह अन्य धर्मों के अनुयायी अपने धर्म स्थलों पर जाना पसंद करते हैं। भारत भूमि की विशेषता यही है कि वह सनातन,जैन, बौद्ध,सिक्ख धर्मों की जननी रही है, इस कारण इन धर्मों के धर्म स्थल भी अधिक हैं। भारत ने पिछले दशक में धार्मिक पर्यटन से रोजगार/स्वरोजगार के मार्ग प्रशस्त होते देख धर्म स्थलों की दशा और दिशा सुधारने का, विकसित करने का, इन स्थलों की यात्रा को सुगम,सहज, सुविधा युक्त तथा धर्म स्थलों को आकर्षक बनाने के लिए अभूतपूर्व प्रयास किये हैं। इन स्थानों को अच्छी रेल , सड़क एवं हवाई सुविधाएं प्रदान की जा रही है। स्थानीय तथा यात्रियों के लिए खान-पान से लेकर अन्य जरूरत की छोटी- बड़ी चीजों की आपूर्ति का ध्यान रखा जा रहा है।इन सब से नये-नये व्यापार और रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। धर्म स्थल एवं आसपास के स्थानों पर आधुनिक होटलों, धर्मशालाओं , रिसोर्ट का निर्माण हो रहा है। जल स्त्रोतों के शुद्धीकरण एवं रखरखाव पर ध्यान दिया जा रहा है, घाटों का निर्माण हो रहा है।नई टाउनशिप्स जन्म ले रही हैं, पुरानी टाउनशिप्स का विकास एवं विस्तार हो रहा है।

## विचार

# लोकसभा चुनाव 2024, पार्टियों की तैयारी पूरी

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

**वैश्य स्तरपर** लोकतंत्र के सबसे बड़े देश भारत में अगले दो माह में चुनाव होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 पर पूरी दुनियां की नजरें लगी है,क्योंकि आज हर वैश्विक मंच पर भारत का दखल महत्वपूर्ण माना जाता है।भारत की बात आज पूरी दुनियां में ध्यान से सुनी जाती है। आज हर देश को भारत के साथ, समर्थन सहयोग की जरूरत है जिसे रेखांकित करना जरूरी है। ऐसे अब इन चुनावों के मौके पर किसान आंदोलन की एंट्री ने सत्ताधारी पक्ष को हिला दिया है, क्योंकि मेरा मानना है कि सत्ताधारी पक्ष का सत्ता में वापस आना तो करीब करीब निश्चित है, परंतु बात अटकेगी उनकी अपेक्षा और नारा अबकी बार 400 पार और कुल वोटिंग प्रतिशत का 50 पर्सेंट से अधिक का लक्ष्य को अपने पक्ष में लाने के बीचकिसान आंदोलन का रोड़ा अड़ सकता है क्योंकि किसानों द्वारा दिनांक 18 फरवरी 2024 को देर रात्रि एमएससी पर चौथे दौर की बातचीत के सरकार के प्रस्ताव आए पांच फसल 5 साल एमआरपी निर्धारित को किसानों ने आज दिनांक 19 फरवरी 2024 को देर रात्रि खारिज कर दिया है और 21 फरवरी 2024 तक सरकार के जवाब काइंतजार के बाद आंदोलन का रुख तेज बनाया है जो सरकार के लिए परेशानी का सबब हो सकता है क्योंकि देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। चुंकि 400 पार 50 प्रतिशत वोटिंग से अधिक प्रतिशत के लिए किसानों का साथ जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकसभा चुनाव 2024 में हर राजनीतिक पार्टी के मुकद्दर का सिकंदर होंगे किसान,मजदूर व मध्यमवर्गीय पारिवार वोटर।

साथियों बात अगर हम रविवार दिनांक 18 फरवरी 2024 को देर रात तक चली चौथे दौर की बातचीत के बाद केंद्रीय मंत्री के बयान की करें तो उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत में गतिरोध दूर करने के लिए अगले पांच साल तक पांच फसलों झ्र मसूर, उड़द, अरहर, मक्का और कपास झ्र की पूरी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि नेफेड, एनसीसीएफ और भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के जरिये की जाने वाली खरीद समझौदते के तहत होगी। इससे एमएसपी का दायरा धान एवं गेहूं से आगे ले जाने में मदद मिलेगी फिलहाल यह साफ नहीं है कि एमएसपी पर ये फसलें उन्हीं किसानों से खरीदी जाएंगी, जिन्होंने अपनी खेती में गेहूं और धान के अलावा विविधता लाने पर जोर दिया है या सभी से खरीदी जाएंगी।मं?त्री ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, एनसीसीएफ (राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ) और नेफेड (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ) जैसी सहकारी समितियां उपज खरीदने के लिए अरहर, उड़द, मसूर या मक्का उगाने वाले किसानों के साथ समझौते करेंगी। अगले पांच साल तक उनकी फसल एमएसपी पर खरीदी जाएगी। उन्होंने कहा, एमएसपी पर खरीद के लिए कोई मात्रा तय नहीं की जाएगी और इसके लिए एक पोर्टल तैयार किया जाएगा। मंत्री ने यह प्रस्ताव भी दिया कि भारतीय कपास निगम किसानों के साथ कानूनी समझौता करने के बाद अगले 5 साल तक कपास की खरीद एमएसपी पर करेगा।जवाब में किसान नेताओं ने कहा कि वे इस प्रस्ताव पर अपने साथी सदस्यों के साथ चर्चा करेंगे और एक-दो दिन में अपना निर्णय बताएंगे। मगर किसान एमएसपी को कानूनी गारंटी देने की अपनी मुख्य मांग से पीछे हटते नहीं दिख रहे हैं। साथियों बात अगर हम लोकसभा चुनाव 2024 की दहलीज पर किसान आंदोलन की करें तो, लोकसभा चुनाव 2024 के ठीक पहले किसान एक बार फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। जिस समय राम मंदिर निर्माण के जोश से लबरेज पार्टी अपने पूरे वेग में आगे बढ़ रही थी और पीएम 400 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा कर रहे थे, किसान उसके रास्ते में आकर खड़े हो गए हैं। यह माना जा रहा है कि यदि यह मामला नहीं सुलझा, तो पार्टी को इससे नुकसान हो सकता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## ब्यूटी टिप्स

# थ्रेडिंग के बाद आईब्रोज में आ जाती सूजन तो...

**शहनाज हुसैन**

थ्रेडिंग फैशन और जरूरत दोनों में ही शामिल है/ खूबसूरत चेहरे की चाह में आइब्रो की थ्रेडिंग करवाना आम बात है/ भौंहों का आकार आपके चेहरे को गजब का आकर्षण दे सकता है / आईब्रो आपके चेहरे के आकर्षण को पूरी तरह से बदल देता है/ आईब्रो का अच्छा शेप सुन्दरता में निखार लता है और लुक को बेहतर दिखाने में मदद करता है लेकिन कुछ महिलाओं की त्वचा काफी सम्बेदनशील होती है जिसकी वजह से आईब्रो बनवाते समय ज्यादा दर्द होता है आइब्रो को सही आकार देने के लिए थ्रेडिंग या ट्वीजिंग का इस्तेमाल करना पड़ता है और ये दोनों प्रक्रियाएं दर्द से भरी होती हैं/

आप भी उनमें से हैं जिन्हें ट्रेडिंग के बाद जलन और लालिमा का सामना करना पड़ता है तो आप कुछ घरेलू टिप्स की मदद से इससे राहत पा सकते हैं/ इससे न तो कोई साइड इफेक्ट होगा और नहीं कोई पैसे खर्च होंगे

**आइस क्यूब.**-------थ्रेडिंग के बाद आइब्रो में दाने निकल आते हैं और जलन सूजन लालिमा और मुहांसे हो जाते हैं तो ऐसे में तुरंत बर्फ का टुकड़ा/ आइस क्यूब लगाकर आईब्रो पर मसाज करें/ इससे जलन में काफी आराम मिलता है/ त्वचा में अन्दर तक ठण्डक पहुंचाने में बर्फ काफी मदद करती है / इस में कूलिंग और सूथिंग इफेक्ट होता है/ आईब्रो के आस.पास बर्फ लगाने से स्किन पर थ्रेडिंग करते समय दर्द नहीं होता।

दिन में दो बार आइस क्यूब से सिकाई करने के बाद आपको फर्क जल्दी नजर आने लगेगा

**एलोवेरा**

अगर आपको आईब्रो बनवाने के बाद जलन, रेडनेस और मुंहासों की समस्या परेशान करती हैं तो थ्रेडिंग के बाद थोड़ा सा एलोवेरा जेल लेकर उसे आस पास की त्वचा पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें/

यह त्वचा को डीप नरिश भी करता है और कील , मुंहासों को कम करने में मदद करता है/

इसके लिए एलोवेरा के ताजे पत्ते लें और उसे आईब्रो पर लगाएं। इससे जलन, सूजन और दर्द की समस्या गायब हो जाएगी / एलोवेरा में कूलिंग इफेक्ट होता है और एंटीबैक्टीरियल गुण भी होता है>

# असफलतायें बड़ी सफलता का मार्ग

**संजीव**

**सफलता** संयम और उत्साह से प्रयास की परिणति । असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती है और असफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दशार्ती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी स्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है

दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है,
लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है।

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है।

आदर्श रसोई सप्ताह 46वां

# धूमधाम से मनाया गया आदर्श रसोई के संस्थापक सुरेंद्र चोपड़ा का जन्मदिन

## रिबन काटकर सुरेंद्र चोपड़ा ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ, आदर्श रसोई है मेरा परिवार: सुरेंद्र चोपड़ा










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी 'राकेश भारद्वाज चौक' पर आदर्श रसोई के संस्थापक सुरेंद्र चोपड़ा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आदर्श रसोई के सदस्यों और पदाधिकारियों का उत्साह देखते ही बनता था।

### रिबन काटकर सुरेंद्र चोपड़ा ने किया आदर्श रसोई का शुभारंभ

इस बार आदर्श रसोई की नींव रखने वाले सुरेद्र चोपड़ा का जन्मदिन पूरी रसोई की टीम ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से सुरेंद्र चोपड़ा ने रिबन काटकर किया। इसके उपरांत श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

### सुरेंद्र चोपड़ा का हुआ भव्य स्वागत

मृदभाषी, मिलनसार और सबके चहेते सुरेंद्र चोपड़ा का आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने मालाओं और पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर राकेश भारद्वाज चौक पर लोगों का उत्साह अपने चरम पर था। सुरेंद्र चोपड़ा जी के व्यक्तित्व के सभी कायल हैं।

### मेरा परिवार है आदर्श रसोई : सुरेंद्र चोपड़ा

इस विशेष मौके पर सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी और मैंने आदर्श रसोई की नींव रखीं थी। आज राकेश भारद्वाज जी हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा बनाया गया आदर्श रसोई रूपी ये परिवार बहुत मजबूत है। उनके विचार आज भी हम सभी को मार्गदर्शन करते हैं। सभी एकजुटता के साथ इस रसोई के माध्यम से सेवा परमोधर्म का कार्य कर रहे हैं। आज आदर्श रसोई के पदाधिकारियों और सभी सम्मानीय सदस्यों के अतुल्यनीय योगदान के कारण ही आदर्श रसोई वटवृक्ष का रूप ले चुकी है।

### श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के दिखाए हुए पदचिन्हों पर चल रही आदर्श रसोई : सुरेंद्र चोपड़ा

आदर्श रसोई के संस्थापक और प्रधान सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि एक सोच ही है जो परिवर्तन लाती है। आदर्श रसोई की शुरूआत के समय किसी ने भी नहीं सोचा होगा कि हमारा सफर ऐसा और इतना अच्छा चलेगा। देखते ही देखते आदर्श रसोई ने कई आयाम स्थापित कर लिए हैं। समाज का भी हमे भरपूर सहयोग मिला है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी हूँ। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

### आदर्श रसोई के अन्य सदस्यों ने भी रखे विचार

इस मौके पर आदर्श रसोई के संयोजक रवि भारद्वाज, उपप्रधान अमरजीत सिंह बंटी, संरक्षक सुभाष दीक्षित, ब्राह्मण सभा के प्रधान अरविंद शर्मा, महासचिव राकेश जुनेजा, पम्मी मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष संजय वर्मा सहित कई सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे।







# यूपी में निवेश के माहौल को विदेशी उद्यमियों ने भी सराहा

## लुलु समूह, शराफ ग्रुप, एयर लिक्विड, डोर्ना और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधियों ने यूपी में निवेश को लेकर व्यक्त किये अपने विचार

**सराहना**

सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की सराहना उद्योग समूहों के दिग्गज भी कर रहे हैं



**टीम एक्श इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व, प्रदेश में बेहतरीन संसाधन, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की सराहना उद्योग समूहों के दिग्गज भी कर रहे हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन 'यूपी- भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य' कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। इस दौरान लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफ अली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कामेलो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की सराहना की।

लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफ अली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं: दूरदर्शी नेतृत्व, संसाधन, अच्छा बुनियादी ढांचा और व्यापार करने में आसानी। ये सारी चीजें हमारे पास भारत और उत्तर प्रदेश में हैं। ।निवृत्त) शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि एक आदमी, एक परिवार, एक समाज अपना पैसा वहीं निवेश करना चाहता है जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हो और आश्वस्त हो कि उसका निवेश उत्पादक होगा। भारत और यूपी के साथ हमारा रिश्ता मील का पत्थर हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसा सिर्फ इसलिए है क्योंकि हम दोनों एक-दूसरे के साथ परिवार की तरह व्यवहार करते हैं। एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी आवश्यकता हुई, हमें उत्तर प्रदेश और भारत में निवेश के अपने निर्णय के लिए व्यापक समर्थन मिला है।

एयर लिक्विड समूह की ओर से, मैं आने वाले वर्षों में भारत में प्रगतिशील निवेश के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं। डोर्ना के सीईओ कामेलो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी भारत जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम की मेजबानी करने के लिए यूपी सरकार द्वारा प्रदान किए गए अवसर की सराहना की। उन्होंने बताया कि मोटोजीपी ने 12,000 रोजगार के अवसर पैदा किए हैं।

# आयु सीमा में छूट: यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से जवाब तलब

**प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस विभाग में कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए भर्ती-2023 में आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट के मामले में राज्य सरकार व यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड से जवाब मांगा है। पुलिस भर्ती बोर्ड ने 930 कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति का विज्ञापन जारी किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने प्रेमधन कुमार व अन्य की याचिका पर दिया है। याची का कहना है कि राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती की आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी है। पुलिस कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड ए की भर्ती सात वर्ष बाद आई है।

# 'नोएडा के मॉडल पर बुन्देलखंड का होगा औद्योगिक विकास'



**प्रमुख योजना**

यूपी बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण विकसित करने की एक प्रमुख योजना पर भी काम कर रही है।

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
सरकार जेवर हवाई अड्डे के पास के क्षेत्र को विकसित करने के साथ-साथ बुन्देलखण्ड क्षेत्र को नोएडा के मॉडल पर यूपी बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण विकसित करने की एक प्रमुख योजना पर भी काम कर रही है। यह बात मंगलवार को आईआईटी कानपुर में महत्वाकांक्षी योजना का अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि उप्र के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि नोएडा में आरओसी की स्थापना के लिए विभिन्न क्षेत्रों से आए अनुरोध को सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संबोधित किया जाएगा। सरकार उत्तर प्रदेश में 21 हवाई अड्डों और 12 नए विश्वविद्यालयों को चालू करने के लिए भी काम कर रही है।उत्तर प्रदेश की प्रतिभा के रिवर्स माइग्रेशन को प्रोत्साहित करने के लिए यह उपाय किये जा रहे हैं। एआईएफ और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए एक समर्पित सिंगल विंडो सिस्टम स्थापित किया जाएगा। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की तर्ज पर उप्र में शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर सिडबी के मुख्य महाप्रबंधक एसपी सिंह ने कहा राज्य में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए सक्रिय नीतियों और समर्थन उपायों की सराहना की। राज्य में स्थापित इनक्यूबेशन प्लेटफॉर्म और उत्कृष्टता केंद्र नवोन्मेषी स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। सिडबी, यूपी आईटी और स्टार्टअप नीति 2017 के तहत स्थापित 1000 करोड़ के यूपी स्टार्टअप फंड के माध्यम से और अधिक प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए तैयार है।

# कोर्ट के आदेश पर ईडी ने की तीन जगहों पर छापेमारी

**कार्रवाई**

छामेमारी की कार्रवाई न्यायमूर्ति की एकल-न्यायाधीश पीठ के आदेश के बाद की जा रही

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने एक जूट मिल के मालिक द्वारा भविष्य निधि (पीएफ) के गबन के मामले में मंगलवार को पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि छामेमारी की कार्रवाई कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली की एकल-न्यायाधीश पीठ के आदेश के बाद की जा रही है। मंगलवार सुबह से कोलकाता के सांकराइल में जूट मिल परिसर, दक्षिण कोलकाता के बालीगंज में जूट मिल मालिक के आवास और मध्य कोलकाता के डलहौजी में इकाई के कॉर्पोरेट कार्यालय में एक साथ छापेमारी की गई है। इस विशेष मामले में भविष्य निधि गबन की कुल राशि 20 करोड़ रुपये है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एक वर्ग द्वारा कलकत्ता उच्च न्यायालय में जूट मिल के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें सेवानिवृत्ति का लाभ नहीं मिला, जबकि सेवा में रहने के दौरान उनकी अंशदायी राशि उनके वेतन से नियमित रूप से काटी जाती थी। आखिरकार, न्यायमूर्ति गांगुली ने ईडी को मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। गत आठ फरवरी को मामले की सुनवाई हुई थी जिस दिन जूट मील के तीन निदेशकों को रात 10:00 तक कोर्ट में हाजिर होकर पक्ष रखना पड़ा था।

# रांची में खालिस्तानी आतंकी पन्नू के खिलाफ मामला दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तानी आतंकवादी और सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के अध्यक्ष गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने राजधानी रांची में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले टेस्ट मैच को लेकर धमकी दी थी। उसने सोशल मीडिया के माध्यम से इस मैच को रद्द कराने के लिए भारत में प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादियों से आह्वान किया है। रांची के जेएससीए स्टेडियम में 23 से 27 फरवरी के बीच भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले टेस्ट मैच को रद्द कराने के लिए सिख फॉर जस्टिस ने धमकी दी है। साथ ही आह्वान किया है कि झारखंड और पंजाब में बवंडर पैदा करो तथा भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा, इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टाक को मैच नहीं खेलने दो। उसने इंग्लैंड टीम को वापस इंग्लैंड जाने के लिए धमकाया है। मामले को लेकर एसआई मदन कुमार महतो के बयान पर धुर्वा थाने में (कांड संख्या 69/2024) में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने भारत में दहशत फैलाने के उद्देश्य तथा आदिवासियों के मन में सरकार के प्रति घृणा और अवमान पैदा करने का प्रयास किया है, जो यूएपी अधिनियम, आईटी अधिनियम के तहत एक दंडनीय अपराध है। साथ ही दो मित्र देशों के बीच खेल संबंधों को बिगाड़ने तथा प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के माध्यम से खेल में बवंडर मचाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो जारी करने के कारण क्षेत्र के लोगों में दहशत पैदा हो गया है। सिख फॉर जस्टिस के गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने माओवादियों से यह भी आह्वान किया है कि आदिवासियों की जमीन में क्रिकेट नहीं होने देना है। अमृतसर का रहने वाला गुरपतवंत पन्नू पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की पढ़ाई की है।

**अमृतकाल**

## किसी भी समाज की उन्नति के लिए धर्म का पालन बहुत आवश्यक: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

# 'भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए रामराज्य के आदर्श सर्वथा उपयुक्त'



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि अमृतकाल में भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए राम राज्य की सोच और आदर्श पर चलना ही सबसे उपयुक्त है। मुख्यमंत्री मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में अमृत काल के लक्ष्य प्राप्त करने में लोक प्रशासन की भूमिका विषय पर स्वामी गोविन्द देव गिरि जी महाराज के व्याख्यान के अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं लोकसेवकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति के लिए धर्म का पालन बहुत आवश्यक है। सही मार्ग पर चलना, राष्ट्रहित तथा हर व्यक्ति को न्याय मिले यह सब धर्म की अवधारणा में निहित है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में धर्म और मयार्दा के पालन का आदर्श समाज के सामने प्रस्तुत किया। भगवान राम के आदर्शों पर आधारित रामराज्य की अवधारणा में सभी के कल्याण का भाव निहित है। शर्मा ने कहा कि लोक सेवकों को देश एवं प्रदेश की प्राथमिकताओं के अनुसार नीतियां बनानी चाहिए तथा उन नीतियों में नवीनतम तकनीक और नवाचारों को प्रभावी रूप से लागू करना चाहिए। साथ ही, उन्हें सुशासन के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और सर्विस डिलिवरी पर फोकस रखते हुए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि लोकसेवकों को अपनी भूमिका निष्ठा से निभानी होगी, जिससे आमजन का सुशासन के प्रति विश्वास बना रहें तथा विकसित भारत के निर्माण में सभी अपना योगदान दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या का राम मंदिर वर्तमान में दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक केंद्र है। इस मंदिर के निर्माण में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष के रूप में स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज के योगदान को कोई नहीं भुला सकता। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारों सालों से चलती आ रही हमारे देश की महान संस्कृति और परम्परा को आगे बढ़ाया है, जिसका लोहा पूरी दुनिया मानती है।

**सेवक की तरह काम करने से ही शासक की शोभा- स्वामी गोविन्द देव गिरि महाराज:** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर संबोधित करते हुए स्वामी गोविन्द देव गिरि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल की संकल्पना हम सबके सामने रखी, जिसमें उन्होंने नारी, किसान, युवा एवं गरीब चार वर्गों के उत्थान पर विशेष जोर दिया है।

# राज्यों की विविधता भारत की ताकत और विशेषता है : राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
राजभवन में मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दोनों राज्यों के उत्तराखंड में रह रहे छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर राज्यपाल ने कहा कि राज्यों की विविधता भारत की ताकत हैं और तमाम विविधताओं के बावजूद भी हम सब एक हैं, यही भारत की विशेषता है। इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उपस्थित सभी लोगों को पूरे प्रदेश की ओर से स्थापना दिवस की बधाई दी।